दिन– शुक्रवार दिनांक– 06/02/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों में आज वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट पर चर्चा होगी।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण में देशभर के विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे।

03. राज्य के सभी जिलों में आज से उद्योग ऋण शिविर का आयोजन। एक ही मंच पर समयबद्ध रूप से उपलब्ध होगा ऋण।

04. और, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत शिक्षा ऋण लेने के लिए अब विद्यार्थियों को हस्तलिखित घोषणा पत्र देना होगा।

————————————————————

बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों में आज वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट पर चर्चा होगी। विधानसभा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य इस चर्चा में भाग लेंगे। इसके बाद नौ फरवरी को राज्य सरकार की ओर से चर्चा का जवाब दिया जायेगा।

————————————————————

बिहार विधानसभा का स्थापना दिवस कल मनाया जाएगा। सदन की कार्यवाही के दौरान अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि समारोह के अवसर पर एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू शामिल होंगे।

———बाइट———

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यूरोपीय संघ और अमरीका के साथ व्यापार समझौतों से विश्व समुदाय में यह विश्वास पैदा हुआ है कि दुनिया स्थिरता की ओर बढ़ रही है। कल राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा के उत्तर में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत प्रमुख देशों के साथ भविष्योन्मुखी व्यापार–समझौते कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि हाल के समय में नौ महत्वपूर्ण व्यापार समझौते हुए हैं, जिनमें यूरोपीय संघ के साथ हुआ समझौता भी शामिल है जिसे मदर ऑफ ऑल डील्स माना जा रहा है।

———बाईट———

श्री मोदी ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विकासशील देशों की सशक्त आवाज बनकर उभरा है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद राज्यसभा ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनि—मत से पारित कर दिया। लोकसभा ने भी कल ही धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर दिया था।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण में देशभर के विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे। यह वार्षिक कार्यक्रम आज सुबह दस बजे विभिन्न प्लेटफार्म पर प्रसारित किया जाएगा। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में साईबर अपराध पर नियंत्रण करने के लिए साईबर इकाई का गठन किया गया है। विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक एक लाख आठ हजार से अधिक लोग साईबर ठगी के शिकार हुये हैं। इनमें से साढे छह हजार पीड़ितों का पैसा सरकार ने वापस कराया है। श्री चौधरी ने कहा कि साईबर इकाई में नियुक्तियां जारी हैं, जल्द ही पूरे राज्य में संबंधित पदाधिकारियों की नियुक्ति कर ली जायेगी।

———————————————————————

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि सरकार नदियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए कार्य योजना तैयारी करेगी। विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में श्री चौधरी ने कहा कि इसके तहत जलस्त्रोत पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नदियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————

राज्य सरकार ने कृषि क्षेत्र के लिए केन्द्र से विशेष सहायता की मांग की है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि केन्द्रीय कृषि और कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर यह मांग उठायी है। उन्होंने कहा कि श्री चौहान से राज्य में कृषि गणना, कृषि संरचना सुदृढीकरण और किसानों की आय की वृद्धि से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गयी है।

———————————————————————

गयाजी में जल्द ही कृषि महाविद्यालय की स्थापना होगी। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने विधानसभा अध्यक्ष और गया विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉक्टर प्रेम कुमार को इस संबंध में आश्वासन दिया है। प्रदेश में कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर आयोजित बैठक में यह आश्वासन दिया गया। वहीं, जिले में पान के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विपणन व्यवस्था और मोटे अनाज की खेती समेत अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गयी।

———————————————————————

राज्य के सभी जिलों में उद्योग ऋण स्वीकृति और वितरण के लिए आज से बारह मार्च तक विशेष शिविर लगाये जायेंगे। उद्योग मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत ऋण की स्वीकृति और वितरण को गति देने के लिए ये शिविर लगाये जा रहे हैं।

———————————————————————

राजधानी पटना में गंगा नदी के किनारे क्रूज टर्मिनल बनाया जायेगा। भारतीय अन्तरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण के निदेशक अरविंद कुमार ने बताया कि इस टर्मिनल पर कोलकाता से बनारस के बीच चलने वाले बड़े जहाजों का ठहराव होगा। पटना आने वाले पर्यटकों को टर्मिनल तक पहुंचने के लिए वाहन की सुविधा उलपलब्ध करायी जायेगी।

———————————————————————

राज्य में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत शिक्षा ऋण लेने के लिए अब छात्र–छात्राओं को हस्तलिखित घोषणा पत्र देना होगा। योजना के नोडल पदाधिकारी विनायक मिश्र ने बताया कि इस घोषणा पत्र में स्पष्ट रूप से यह लिखा होगा कि यह शिक्षा ऋण है, इसे आवेदक या उनके सह आवेदक वापस करेंगे। पदाधिकारी ने बताया कि आवेदन पत्र के साथ नामांकन प्राप्ति रसीद देनी होगी

———————————————————————

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने दरभंगा जिले के बिरौल के कार्यपालक अभियंता बालेश्वर राम को आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में गिरफ्तार किया है। इससे पहले निगरानी की टीम ने अभियंता के लहेरियासराय और पटना स्थित आवास तथा बेतिया स्थित पैतृक घर पर भी छापेमारी की। गौरतलब है कि अभियंता के खिलाफ आय से लगभग नब्बे लाख रूपये से अधिक की सम्पत्ति अर्जित करने का आरोप है।

————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में हो रही गिरावट से सुबह और शाम के समय ठंड का असर बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान औसत तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आ सकती है। इसके साथ ही सुबह में कोहरा छाये रहने की आशंका है। विभाग के अनुसार बारह फरवरी से तापमान में क्रमिक बढ़ोतरी की सम्भावना है।

———बाईट———

————————————————————

रेलवे ने होली के अवसर पर दो सौ पचासी होली विशेष रेलगाड़ियों को चलाने का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क पदाधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि यह रेलगाड़ियां एक मार्च से बाईस मार्च के बीच विभिन्न स्टेशनों से चलायी जायेगी। श्री चन्द्र ने बताया कि इनमें दानापरु—सोगरिया, हापा—नाहरलगुन, दानापुरा—रानीकमलापति समेत कई महत्वपूर्ण रेलगाड़ियां शामिल हैं। वहीं, रेल मंत्रालय ने कहा है कि यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए देशभर में एक हजार चार सौ दस से अधिक होली स्पेशल रेलगाड़यिां चलाई जाएंगी। यह संख्या बढ़कर एक हजार पांच सौ तक पहुंचने की उम्मीद है।

इधर, राज्य परिवहन निगम ने भी होली के अवसर पर विभिन्न शहरों से दो सौ अन्तरराज्यीय बसों के परिचालन का निर्णय किया है। ये बसें तेईस फरवरी से तेईस मार्च तक चलायी जायेगी। इन बसों के लिए ऑनलाईन टिकट बुकिंग शुरू हो गयी है।

————————————————————

कृषि विभाग की ओर से पटना के गांधी मैदान में आज से दो दिवसीय बागवानी महोत्सव शुरू हो रहा है। महोत्सव में राज्य के लगभग पन्द्रह सौ किसान शामिल होंगे। इस दौरान साठ से अधिक स्टाल लगाए जाएंगे।

————————————————————

जिम्बाब्वे के हरारे में भारत और इंग्लैंड के बीच अंडर—19 एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप का फाइनल मुकाबला आज खेला जायेगा। मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर एक बजे से शुरू होगा। गौरतलब है कि भारतीय टीम वर्तमान प्रतियोगिता में अब तक अपराजेय रही है। वहीं, भारत पांच बार यह टूर्नामेंट जीत चुका है।

इधर, भुवनेश्वर में चल रही सीनियर महिला वन डे क्रिकेट प्रतियोगिता में बिहार की टीम आज मणिपुर से खेलेगी। सारण जिले की प्रगति सिंह बिहार टीम की कप्तानी कर रही हैं।

————————————————————

पटना के पीएमसीएच में मरीजों का एमआरआई और सीटी स्कैन निःशुल्क होगा। पीएमसीएच के अधीक्षक डॉक्टर राजीव कुमार सिंह ने बताया कि अभी ये दोनों सुविधाएं पीपीपी मोड में हैं, जिससे रिपोर्ट आने में समय लगता है। यह सुविधा अगले महीने से शुरू होगी।

———————————————————————

मधुबनी जिले में साईबर अपराध और सुरक्षा इकाई ने चार साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ठगों के पास से चीन में बने सात सिमबॉक्स, एक सौ छत्तीस मोबाईल फोन के साथ एक लाख अड़सठ हजार रूपये बरामद किये गया है।

———————————————————————

कटिहार जिले के रोशना थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ट्रक से लगभग चार हजार आठ सौ पैंतालीस लीटर शराब जब्त की है। पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने बताया कि जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। वहीं, जहानाबाद जिले में एक डाक पार्सल पिकअप वैन में बने तहखाने से पुलिस ने चार सौ चौरासी लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रदेश के राजस्व सेवा के अधिकारियों की हड़ताल पर लिखा है– सीओ की हड़ताल खत्म, अब राजस्व सेवा के अधिकारी ही बनेंगे एसआरओ।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– आज धरती तक पहुंच सकता है सूर्य की सतह से उठा सौर तूफान।

दैनिक भास्कर लिखता है– भारत टैक्सी लांच, यहां ड्राईवर ही मालिक होंगे।

प्रभात खबर ने लिखा है– बिहार के इक्कीस फीसदी बच्चों को मोबाईल गेम की लत, देश में पांचवें स्थान पर।

आज अखबार की सुर्खी है– नेशलन स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट होगी बिहार की पहली सरकारी कम्पनी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों में आज वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट पर चर्चा होगी।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण में देशभर के विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे।

03. राज्य के सभी जिलों में आज से उद्योग ऋण शिविर का आयोजन। एक ही मंच पर समयबद्ध रूप से उपलब्ध होगा ऋण।

04. और, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत शिक्षा ऋण लेने के लिए अब विद्यार्थियों को हस्तलिखित घोषणा पत्र देना होगा।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।